# Class 6 Maths Important Questions Hindi Medium
# Chapter 3 संख्याओं के साथ खेलना

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
36 के सभी गुणनखण्ड लिखिए। उत्तर-36 के सभी गुणनखण्ड-1, 2, 3, 4, 6, 9, 12, 18 और 36 प्रश्न 2. 7 के प्रथम पाँच गुणज लिखिए।

उत्तर:
7 × 1 = 7, 7 × 2 = 14, 7 × 3 = 21, 7 × 4 = 28, 7 × 5 = 35
अर्थात् 7, 14, 21, 28 और 35

प्रश्न 3.
सम्पूर्ण संख्या किसे कहते हैं?
उत्तर:
वह संख्या जिसके सभी गुणनखण्डों का योग उस संख्या का दोगुना हो, एक सम्पूर्ण संख्या कहलाती है।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
8, 12 तथा 20 के सार्व गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।
हल:
8 के गुणनखण्ड 1, 2, 4 तथा 8
12 के गुणनखण्ड- 1, 2, 3, 4, 6 तथा 12
20 के गुणनखण्ड- 1, 2, 4, 5, 10 तथा 20
स्पष्टतः 8, 12 तथा 20 के सार्व गुणनखण्ड 1, 2 तथा 4

प्रश्न 2.
20, 25 और 30 का ल.स. ज्ञात कीजिए।
हल:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 20 | 25 | 30 |
| 2 | 10 | 25 | 15 |
| 3 | 5 | 25 | 15 |
| 5 | 5 | 25 | 5 |
| 5 | 1 | 5 | 1 |
| | 1 | 1 | 1 |

अतः 20, 25 तथा 30 का ल.स. = 2 × 2 × 3 × 5 × 5 = 300

## निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करो जिसमें 9, 15, 25 का भाग देने पर हर अवस्था में 4 शेष रहे।
हल:
चूँकि यहाँ वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करनी है जिसमें 9, 15, 25 का भाग देने के बाद शेष 4 रहे ।
अतः ल.स. द्वारा इन संख्याओं की हम पहले वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करेंगे जिसमें इन संख्याओं का पूरा-पूरा भाग जाता हो, यथा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | 9, | 15, | 25 |
| 3 | 9, | 3, | 5 |
| | 3, | 1, | 5 |

ल.स. = 5 × 3 × 3 × 5 = 225
इस संख्या में 4 और जोड़ने पर वह अभीष्ट संख्या प्राप्त होगी।
अतः 225 + 4 = 229

https://www.evidyarthi.in/